## खबर संक्षेप

### महिला ने जहरीले पदार्थ का किया सेवन, इलाज के दौरान मौत

**कटनी।** एक महिला ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों के द्वारा महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज दौरान महिला की मौत हो गई। घटना स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम इमलिया की है। पुलिस ने अनुसार ग्राम इमलिया निवासी 50 वर्षीय तिलका बाई पति आसाराम रजक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था जिसे परिजनों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गत देर रात इलाज दौरान महिला की मौत हो गई पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया। महिला द्वारा किन परिस्थितियों में यह आत्मघाती कदम उठाया गया, पुलिस इसकी जांच की जा रही है।

### लकड़ी की टाल में अचानक लग गई भीषण आग

**कटनी।** लकड़ी के एक टाल में आग लग गई। आग लगने कारणों का पता नहीं चल पाया। आगजनी की घटना माधवनगर मुक्तिधाम पेट्रोल पंप के पीछे स्थित लकड़ी टाल में गत शाम लगी। आग लगने के बाद पूरे इलाके में हड़कम्प की स्थिति निर्मित हो गई। बताया जाता है कि माधवनगर क्षेत्र के इमलिया रोड पर मुक्तिधाम के पास लकड़ी का टाल में आग लग गई। संचालक ने बताया कि वह टाल बन्द करने के बाद घर चला गया था तभी कुछ देर बाद उन्हें टाल में आग लगने की खबर मिली। वे तत्काल मोके पर पहुंचे और पुलिस एवं फायर ब्रिगेड को खबर की। आग लगने की वजह से हजारों का नुकसान होना बताया जा रहा है। आग लगने के कारणों का पता नहीं लग सका।

# मनरेगा योजना में धांधली एवं फर्जी हाजिरी भरने के आरोप, पीएम आवास सर्वे में भी पक्षपात

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की मुरवारी ग्राम पंचायत में हो रहे निर्माण कार्यों में सरपंच-सचिव और ग्राम रोजगार सहायक द्वारा अधिकारियों की मिलीभगत से जमकर अनियमितता की जा रही है। गांव के उपसरपंच, पंचो सहित ग्रामीणों ने धांधली करने के आरोप लगाये। ढीमरखेड़ा जनपद कार्यालय पहुंचकर जनपद सीईओ से मामले की शिकायत की है। जनपद सीईओ यजुवेंद्र कोरी ने एक जांच टीम बनाकर रिपोर्ट मंगाई है।

उपसरपंच सुखचैन लोधी,पंच गौरा बाई चौधरी, राजकुमारी काछी,बबलू सोनी,अनुज कुर्मी, राजकुमार काछी,ग्रामीण मुकेश काछी,नंदू बर्मन,कल्लू पटेल,सौरभ काछी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच अजय पटेल, सचिव बसरूलहक मंसूरी और ग्राम रोजगार सहायक सतीश गौतम के द्वारा अधिकारियों की मिलीभगत से मनरेगा योजना में जमकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। मुरवारी में हो रहे नाला सुद्रीकरण निर्माण कार्य में जो लोग काम नहीं करते है, उनके नाम पर भी फर्जी हाजिरी भरी जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच पुत्र नीरज लोधी और प्रशांत लोधी के द्वारा मनरेगा योजना के तहत मजदूरी नहीं की जाती है,फिर भी मनरेगा में सरपंच के दोनों पुत्रों के नाम पर हाजिरी भरकर मजदूरी का भुगतान किया जा रहा है।इसके अलावा मंगल भवन निर्माण कार्य में भी गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। पंचो का आरोप है कि बगैर ग्रामसभा और पंचो की जानकारी के बिना मनमाने तरीके से कार्य कराए जाते है।वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि पीएम आवास प्लस सर्वे में सचिव के द्वारा पक्षपात करते हुए सर्वे सूची में नाम जोड़े जा रहे है।

### बगैर नीलामी के तोड़ा सरकारी भवन, सरपंच कर रहा सामग्री का उपयोग

मुरवारी में मवेशियों को स्थायी रखने के लिए बना कांजी हाउस सरपंच अजय पटेल और सचिव बसरूलहक मंसूरी ने अधिकारियों की बगैर प्रशासकीय स्वीकृति और नीलामी प्रकिया के तोड़ डाला। मनरेगा में हाजिरी भरकर मजदूरों से भवन की सामाग्री निकलवाई। सरकारी कांजी हाउस भवन से निकली ईंट, लकड़ी, खिड़की, दरवाजे और टीन शेड सरपंच अपने निजी मकान निर्माण के उपयोग में ले लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाए।

### नियमानुसार कराए जा रहे कार्य : सरपंच

मुरवारी सरपंच अजय पटेल ने बताया कि पंचायत में नियमानुसार निर्माण कार्य कराए जा रहे है।मनरेगा में भी जो मजदूर काम करते है, उसी की हाजिरी भरी जाती है। कांजी हाउस से निकली सामाग्री पंचायत भवन में सुरक्षित रखी है। हमारे खिलाफ झूठी शिकायत की गई है।

### अनियमितता एवं पक्षपात नहीं : सचिव

वहीं पंचायत सचिव बसरूलहक मंसूरी ने कहा कि निर्माण कार्यों में कोई अनियमितता नहीं है। आवास प्लस सर्वे कार्य में भी कोई पक्षपात नहीं किया जा रहा है।कांजी हाउस भवन जर्जर था।वहाँ कब्जा किया जा रहा था। इसके चलते सरपंच ने भवन की सामग्री को पंचायत में रखवाया हैं।

### जनपद सीईओ ने जांच के लिए बनाई टीम, मांगी रिपोर्ट

मुरवारी में सरपंच-सचिव द्वारा की जा रही अनियमितता की शिकायत मिलने पर ढीमरखेड़ा जनपद सीईओ यजुवेंद्र कोरी ने तीन सदस्यीय जांच टीम बनाई है। जांच टीम में सहायक यंत्री अजय केशरवानी, एपीओ धर्मेन्द्र पटेल और बीसी पीएमएवाय अभिषेक भार्गव को शामिल किया है। जनपद सीईओ श्री कोरी ने मामले पर जांच टीम से जांच रिपोर्ट मंगाई हैं।

### केंद्रों पर चाक-चौबंद व्यवस्था के चलते नहीं बना नकल का कोई भी प्रकरण

# कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा प्रारंभ, 14 हजार 940 परीक्षार्थी ने दिया इम्तिहान, 331 रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा गुरुवार 27 फरवरी को आयोजित हायर सेकेंडरी कक्षा 10वीं की हिन्दी विषय की बोर्ड परीक्षा जिले के सभी 6 विकासखंडों के 97 परीक्षा केन्द्रों में निर्विघ्न और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान दर्ज कुल 15 हजार 271 छात्रों में से 14 हजार 940 छात्रों ने परीक्षा दी। जबकि 331 छात्र परीक्षा में अनुपस्थित रहे। परीक्षा में नकल का कोई प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है। माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशानुसार परीक्षा हेतु कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों द्वारा नियमानुसार कर्तव्यो का निर्वहन किया और उड़नदस्ता दल पूरे समय स्कूलों की औचक निगरानी करता रहा।

परीक्षा प्रभारी राजेश अग्रहरि ने बताया कि कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में जिले में बोर्ड परीक्षाएँ पूरी सुचिता के साथ आयोजित हो रही हैं। गुरूवार को आयोजित हायर सेकेंडरी की कक्षा 10वीं की हिन्दी की परीक्षा को निर्विघ्न संपन्न कराने हेतु गठित जिला व विकासखंड स्तरीय निरीक्षण एवं उड़नदस्ते सक्रिय रहे और परीक्षा केंद्र का आकस्मिक भ्रमण कर केंद्रों पर अपनी नजर बनाये रखी। किसी भी केंद्र में कोई संदिग्ध गतिविधियां नहीं मिली।

गुरूवार को आयोजित परीक्षा के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 में परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढीमरखेड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया जहां पर परीक्षा शांति पूर्वक संपन्न होना पाई गई। वहीं सहायक संचालक राजेश अग्रहरि, एडीपीसी अभय जैन, प्राचार्य आलोक पाठक के दल द्वारा बड़वारा विकासखंड के खितौली , करेला, सलैया सिहोरा, एवं विलायत कला परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया जहां परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संचालित पाई गई।

### कहां कितने छात्रों ने दी परीक्षा

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि गुरूवार को संपन्न हिन्दी विषय की परीक्षा में विकासखंड़ रीठी में 1394, विकासखंड़ बहोरीबंद ने 2622, विकासखंड़ ढीमरखेड़ा में 2027, विकासखंड़ बड़वारा में 2755, विकासखंड़ विजयराघवगढ़ में 2070 तथा विकासखंड़ कटनी में 4072 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

# समर्थन मूल्य पर उपज बेचने के लिए किसान 10 मार्च तक कराएं पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर उपार्जन हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर जिले में चना, मसूर एवं सरसों का पंजीयन कार्य जारी है। किसान भाई गेहूँ के पंजीयन हेतु निर्धारित जिले के सभी 55 पंजीयन केन्द्रों पर सभी कार्यदिवसों में 10 मार्च तक चना, मसूर एवं सरसों की बिक्री हेतु पंजीयन करा सकते हैं। शासन के निर्देशानुसार किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज एवं किसान के आधार एवं अन्य फोटोयुक्त पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा। किसान का पंजीयन करने से पूर्व उनके आधार नंबर का वैरिफिकेशन, लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी या बायोमेट्रिक डिवाइज से किया जाना आवश्यक है। किसान का पंजीयन केवल उसी स्थिति में हो सकेगा, जबकि भू-अभिलेख में दर्ज खाते एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधारकार्ड में दर्ज नाम से होगा। भू-अभिलेख एवं आधारकार्ड में दर्ज नाम में विसंगति होने पर पंजीयन का सत्यापन तहसील कार्यालय से किया जायेगा। सत्यापन होने की स्थिति में उक्त पंजीयन मान्य होगा। भू-अभिलेख एवं आधारकार्ड में किसान का नाम त्रुटिपूर्ण होने पर राजस्व अमले से अथवा आधार पंजीयन केन्द्र में आधार का संशोधन कराया जायेगा। किसान पंजीयन के समय किसान को बैंक खाता नंबर एवं आईएसएससी कोड की जानकारी उपलब्ध करानी होगी। जनधन, अक्रियाशील, संयुक्त बैंक खाते एवं फिनों, एयरटेल, पेटीएम, बैंक खाते पंजीयन में मान्य नहीं होंगे। किसान के पास आधार न होने की स्थिति में किसान को आधार केन्द्र जाकर आधार हेतु पंजीयन करना होगा। आधार आवेदन पंजीयन पावती क्रमांक के आधार पर भी किसान का पंजीयन किया जा सकेगा। किसान द्वारा दर्ज कराये गये गोवाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होगा। प्राप्त ओटीपी से पोर्टल पर सत्यापन उपरांत किसान पंजीयन सुरक्षित किया जा सकेगा। गिरदावरी डाटाबेस में दर्ज किसान के नाम एवं आधार डाटावेस में दर्ज किसान के नाम का मिलान ई-रक्षित करने हेतु पोर्टल पर पंजीयन सुरक्षित करें।

### गुणवत्ता के साथ तय समय अवधि में कार्य कराने अधिकारियों को दिए निर्देश

# ग्रामीण क्षेत्रों में सीवर लाइन एवं ग्रे वॉटर मैनेजमेंट सिस्टम निर्माण के लिए 194 लाख से अधिक की स्वीकृतियां जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने ग्रामीण क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों की मांग, नागरिकों की बुनियादी आवश्यकताओं और सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए जिले की पांच जनपद पंचायतों की 20 ग्राम पंचायतों में सीवर लाइन एवं ग्रे वॉटर मैनेजमेंट सिस्टम के निर्माण हेतु 194 लाख 36 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृतियां जारी की है।

कलेक्टर श्री यादव द्वारा जारी प्रशासकीय स्वीकृति के मुताबिक स्वच्छ भारत मिशन एवं 15 में वित्त की राशि से ग्राम पंचायतों को राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि स्वच्छ भारत मिशन एवं 15वें वित्त की राशि से विकलनीय होगी।

कलेक्टर श्री यादव ने संबंधित ग्राम पंचायतों को निर्माण कार्य कराए जाने हेतु क्रियान्वयन एजेंसी अधिकृत किया है। निर्माण एजेंसी को प्रशासकीय स्वीकृति में जारी निर्देशों,प्राक्कलन, निर्धारित ड्राइंग, कार्य की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों के अनुरूप निर्धारित समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण कराने,ऑडिट आपत्तियों के निराकरण, इस दौरान अभिलेख उपलब्ध कराए जाने, भंडार क्रय नियमों का पालन करने, कार्यस्थल पर सूचना बोर्ड लगाने हेतु उत्तरदाई होगी। समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराए जाने की दिशा में लागत बढ़ने की दशा में संबंधित ग्राम पंचायत, क्रियान्वयन एजेंसी जिम्मेदार होगी। क्रियान्वयन एजेंसी को कार्य की प्रगति एवं पूर्णता के दौरान प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित किया जाना होगा।

जिला सीईओ शिशिर गेमावत ने तकनीकी अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को जारी प्रशासकीय स्वीकृति के अनुसार तय समय सीमा में तकनीकी मानदण्डों को ध्यान में रखकर गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

### इन ग्राम पंचायतों में होंगे स्वीकृत निर्माण कार्य

जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत पड़ुवा में ग्रे वॉटर मैनेजमेंट सिस्टम एवं सीवर लाइन हेतु 10.61 लाख रुपए, जरवाही में 10 लाख, हिरवारा और केलवारा खुर्द में 12.52 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

जनपद पंचायत रीठी की ग्राम पंचायत रैपुरा में 6.47 लाख रुपए, बड़गांव में 18 लाख 21 हजार रुपए, अमगवां में 10.94 लाख रुपए और हरद्वारा में 9.16 लाख रूपयों की लागत से सीवर लाइन के कार्य कराए जाएंगे। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा जारी प्रशासकीय स्वीकृति के अनुसार जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत बंजारी में सीवर लाइन हेतु 2.09 लाख,संगवारा में 4.60 लाख, सलैया मोहारी में 6.60 लाख एवं देवसरी इंदौर में 4.17 लाख रुपए की स्वीकृत प्रदान की गई है।

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत उमरिया पान में 6.95 लाख, देवरी बिछिया में 6.01 लाख, भटगवा में 4.62 लाख रूपयों एवं ग्राम पंचायत कनौजा में 7.02 लाख रुपए की लागत से सीवर लाइन के निर्माण कार्य कराए जाएंगे।

जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत पथराड़ी पिपरिया में 4.99 लाख रुपए, बहोरीबंद में 18.53 लाख रुपए तेवरी में 24.32 लाख रुपए एवं बचेया में 14.03 लाख की लागत से ग्रेवॉटर सिस्टम एवं सीवर लाइन के कार्य कराए जाएंगे।

### महाविद्यालय बड़वारा में जनजाति गौरव पर हुई व्याख्यानमाला

# जनजातीय नायकों ने मरना स्वीकार किया लेकिन झुकना नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



भगवान बिरसा मुंडा जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में शासकीय महाविद्यालय बड़वारा, में जनजातीय प्रकोष्ठ द्वारा 27 फरवरी को जनजातीय गौरव (एतिहासिक, सामजिक एवं आध्यात्मिक योगदान) विषय पर एक दिवसीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विरसा मुंडा एवं मा सरस्वती की पूजन अर्चन कर की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग जबलपुर संभाग के प्रांत संयोजक सोहन सिंह ने जनजाति नायक एवं नायिकाओं के एतिहासिक, सामजिक एवं आध्यात्मिक योगदान के वारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि जनजाति नायकों ने मर मिटना पसंद किया किंतु घुटने टेकना नहीं जाना।सोहन सिंह ने आदिवासी, वनवासी एवं जनजाति शब्दावली की व्याख्या करते हुए जनजाति समुदाय की विभिन्न विशेषताओं को विद्यार्थियों के समक्ष रखा। उन्होंने उन सभी जनजातीय वीरों एवं वीरांगनाओं का जिक्र करते हुए उनके लिखित - अलिखित बलिदानों के संघर्ष, समर्पण, त्याग, अदम्य साहस और शौर्य की ओर ध्यान आकर्षित किया जिन्होंने अल्पायु में ही अन्याय एवं गुलामों की जंजीरों को तोड़ने का बीड़ा उठाया और हंसते-हंसते वीरगति को पायी । कार्यक्रम के बिशिष्ट अतिथि रिटायर्ड डी आई जी, रीठी कटनी, तिलक सिंह ने भी जनजाति समुदाय के अनेकों योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने जनजाति समुदाय की मातृभूमि के प्रति भक्ति एवं राष्ट्र प्रेम से प्रेरणा लेने की बात की । विशिष्ट अतिथि ने आदिवासी जीवन संघर्ष, अरण्य सभ्यता की ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक चेतना की विकास यात्रा से परिचित कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य महोदया डॉ. रोशनी पांडेय ने की।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में जनजाति नायकों के जीवन पर आधारित विशाल एवं लम्बी श्रृंखला (चित्र प्रदर्शनी)का प्रदर्शन किया गया जिसका अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों ने बहुत करीब से जननायकों का इतिहास और बलिदान को देखा, पढ़ा और जाना । महाविद्यालय की छात्राओं अमिता सिंह एवं अमृता सिंह गहरवार ने जनजाति नायकों की वेशभूषा में अपनी प्रस्तुति दी जो कि बहुत ओजपूर्ण और प्रशंसनीय थी। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के सदस्य विनय नागवंशी एवं खेमचंद यादव भी उपस्थित रहे। डॉ. वीना श्रीवास्तव, डॉ. संगीता वसरानी, हरभगत सिंह, हरिओम मुड़यिा, मनोज कुमार सिंह, शिवकान्त द्विवेदी, ऋषभ सोनी, अरुण निगम , अरुण कुमार कुशवाहा, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुजीत सिंह ने एवं आभार प्रदर्शन डॉ. लवकुश सिंह ने किया।



## खबर संक्षेप

### अवकाश में भी खुले रहेंगे जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक कार्यालय

**कटनी।** महानिरीक्षक पंजीयन भोपाल द्वारा माह मार्च में होली अवकाश छोड़कर सभी शनिवार व रविवार सार्वजनिक अवकाश में जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक कार्यालय खोलने के लिये निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि माह मार्च शासन के राजस्व की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। प्रदेश के जनसामान्य को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने एवं शासन के राजस्व को दृष्टिगत रखते हुये माह मार्च 2025 में होली अवकाश 14 मार्च 2025 को छोड़कर शेष सभी सार्वजनिक अवकाश दिवसों (प्रत्येक शनिवार व रविवार सहित) में सभी वरिष्ठ जिला पंजीयक, जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक कार्यालय, शासकीय एवं पंजीयन कार्य के लिये खुले रहेंगे। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि सार्वजनिक अवकाश दिवसों में परिक्षेत्रीय उप महानिरीक्षक पंजीयन अपने परिक्षेत्र के अंतर्गत सभी पंजीयन कार्यालय खोले जाना सुनिश्चित करें।

### जमीनी विवाद पर युवक के साथ की गई मारपीट

**कटनी।** जमीनी विवाद को लेकर कैलवाराखुर्द निवासी एक युवक के साथ मारपीट की गई। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पीड़ित प्रहलाद कोरी ने थाना में दी गई शिकायत में बताया कि 27 फरवरी उसने अमित पांडेय और कमलेश कोरी के साथ मिलकर जमीन खरीदी थी। जमीन अमित पांडेय के नाम पर है, जिसमें उसकी और कमलेश की हिस्सेदारी है। 25 फरवरी की शाम साढ़े 6 बजे कमलेश ने उसे वैंकट लाइब्रेरी के पास बुलाया। वहां सोनू बेन अपने एक साथी के साथ मिला। सोनू ने उन्हें जमीन का हिसाब-किताब करने के लिए बाबा घाट चलने को कहा। वहां पहुंचने पर सोनू जमीन के पैसे मांगने लगा। पैसे नहीं देने पर उसने और उसके साथी ने प्रहलाद की पिटाई शुरू कर दी। थाना प्रभारी आशीष कुमार शर्मा के अनुसार, शिकायत के आधार पर सोनू बेन और एक साथी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### अरविंद सिंह धुर्वे बने अजाक्स जिलाध्यक्ष



**कटनी।** शासकीय पालीटेक्निक कॉलेज में पदस्थ एवं गोंडवाना सामाजिक उत्थान समिति के प्रदेश सचिव अरविंद सिंह धुर्वे को अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) का निर्विरोध जिलाध्यक्ष घोषित किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए.के. कोरी ने बताया कि 25 फ़रवरी को नामांकन दाखिल करने की आखिर दिनांक घोषित की गई थी। उसी दिन देर शाम तक जिला अध्यक्ष के नामांकन महज दो ही प्राप्त हुए जिनमे अरविन्द सिंह धुर्वे एवं पूर्णनेश उईके के नामांकन प्राप्त हो सके। बुधवार की दोपहर बाद श्री उईके नें अपना नामांकन वापस ले लिया जिसके बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री कोरी नें औपचारिक घोषणा कर अरविन्द सिंह धुर्वे को निर्विरोध जिला अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। अरविंद सिंह धुर्वे के निर्विरोध अजाक्स जिलाध्यक्ष बनने पर पूर्व अजाक्स जिलाध्यक्ष सोहन लाल चौधरी, शिक्षक संघ, लघु वेतन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ, ओबीसी पिछड़ा वर्ग सहित कई सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं कर्मचारी संगठन ने बधाई प्रेषित की है।

### बाइक सवार दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

**कटनी।** सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसा कुठला थाना अंतर्गत हाईवे में बायपास मार्ग में हुआ। पुलिस के अनुसार बिस्तरा गांव निवासी छोटू भुमिया 24 एवं भूरा भुमिया 26 बाइक से जा रहे थे जब वे बायपास से गुजर रहे थे तभी ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल दोनो की मौके पर मौत हो गई।

## राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने ग्राम कोठी में बैगा परिवारों से किया संवाद, तीन हितग्राहियों को कराया गृह प्रवेश

# शिक्षित व्यक्ति ही समाज में आगे बढ़ सकता है : राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि केन्द्र और प्रदेश सरकार विशेष पिछड़ी जनजातियों को प्राथमिकता के साथ लाभान्वित कर रही है। पीएम जन-मन योजना के द्वारा बैगा,सहरिया एवं भारिया विशेष पिछड़ी जनजातीय बसाहटों में पक्का आवास,सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 24 हजार करोड़ रूपये का प्रावधान किया है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने गुरुवार को यह बात कटनी जिले के ढीमरखेड़ा तहसील के पीएम जनमन ग्राम कोठी में बैगा जनजाति के लोगों से संवाद के दौरान कही।

इस मौके पर शहडोल सांसद हिमाद्रि सिंह, विधायक मुड़वारा संदीप जयसवाल, विधायक बहोरीबंद प्रणय पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी और जनपद अध्यक्ष सुनीता दुबे, मंचासीन थे। राज्यपाल को बैगा परिवारों की ओर से उपहारस्वरूप पेन्टिंग प्रदान की गई।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि समाज के पिछड़े वर्ग और व्यक्तियों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री मोदी सतत काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में जनमन ग्रामों के समग्र विकास के लिए दूरदर्शी और संवेदनशील नेतृत्व मिलना सौभाग्य की बात है। प्रधानमंत्री जनजातीय समुदाय के प्रति विशेष संवेदनशील है। विशेष प्रावधान कर आवास, शिक्षा, पानी, सड़क, सिंचाई सहित 11 बुनियादी सुविधाएं दिला रहे है।

### स्व-सहायता समूहों से जुड़कर महिलाओं का जीवन बदला

राज्यपाल ने कहा कि स्व-सहायता समूहों से जुड़कर महिलाओं का आर्थिक और सामाजिक विकास हुआ है। महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ रहा है, वह स्वयं का रोजगार शुरू कर रही हैं, आर्थिक रूप से आत्म-निर्भर बन रही हैं। परिवार में भी उनका मान सम्मान बढ़ा है। संवाद कार्यक्रम के दौरान आजीविका मिशन के मुर्गी पालन समूह की दीदी राजकुमारी ने बताया कि उन्हें स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद करीब 8 हजार रूपये प्रतिमाह की अतिरिक्त आमदनी हो जाती है। पति खेती-किसानी का काम करते हैं, जिससे उनका अच्छे से जीविकोपार्जन चल जाता है। राज्यपाल इस बात से अत्यंत प्रसन्न हुए।

### पढ़ाई के बिना प्रगति नहीं होती

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने उपस्थित बैगा परिवारों को अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से शिक्षित करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति शिक्षित होकर ही समाज में आगे बढ़ सकता हैं। घर के बेटा-बेटी पढ़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और उन्नति करेंगे। उन्होंने कहा कि अब पैसों की कमी शिक्षा की राह में बाधा नहीं हैं। सरकार बेटियों के जन्म से लेकर विदेश में पढ़ाई कराने तक का काम कर रही है। बच्चों को आंगनवाड़ी जरूर भेजना चाहिए। छात्र-छात्राओं की शिक्षा के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं जिनका लाभ लेकर कोई भी व्यक्ति बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकता हैं। उन्होंने भाईचारे के साथ जीवन बसर करने की सीख देते हुए मद्य निषेध की बात कही और अधिकारियों से कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी पात्रों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिले।

### पीएम जनमन योजना के हितग्राहियों का गृह प्रवेश

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने जनमन ग्राम कोठी में बैगा हितग्राहियों के साथ संवाद कार्यक्रम के पहले, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के हितग्राहियों के घर भी पहुचें और योजना का लाभ मिलने के बाद जीवन में आए बदलाव को देखा।

राज्यपाल ने पीएम जनमन आवास हितग्राही चंदाबाई बैगा, भल्लू बैगा और सोनी बैगा को प्रधानमंत्री आवास योजना से बने पक्के आवास में विधि-विधान और पूजा-अनुष्ठान के साथ गृह प्रवेश कराया। इस दौरान राज्यपाल श्री पटेल का स्वागत बैगा समुदाय के लोगों ने तिलक लगाकर और शाल पहनाकर किया। हितग्राहियों ने राज्यपाल श्री पटेल को प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ मिलने तथा इसके बाद जीवन में आए बदलाव के बारे में बताते हुए केन्द्र और प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। राज्यपाल द्वारा तीनों बैगा हितग्राहियों के पीएम जनमन आवास का भ्रमण भी किया गया।

### घर देखकर की तारीफ

राज्यपाल ने 3 बैगा परिवारों को पीएम जनमन आवास में गृह प्रवेश करवाने के बाद आवास के अंदर जाकर कमरों का अवलोकन किया। राज्यपाल ने बैगा परिवारों के लिए बने आवास की गुणवत्ता से खासे प्रभावित हुए और यहां आवास के दीवारों पर मोर आदि पक्षियों एवं पेड़-पौधों की चित्रकारी से काफी प्रभावित हुए। उन्होंने बैगा परिवार को प्रधानमंत्री जनमन आवास का गुणवत्तापूर्ण भवन उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर से हाथ मिलाते हुए, कहा- थैंक यू कलेक्टर साहब, घर बहुत ही सुंदर और बढ़िया बने हैं।

### निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण

राज्यपाल श्री पटेल ने ग्राम कोठी में 60 लाख रूपये की लागत से निर्माणाधीन बहुउद्देश्यीय केन्द्र के भवन निर्माण कार्य और यहां बैगा मुहल्ला में करीब 12 लाख रूपये की लागत से बन रहे आंगनबाड़ी भवन निर्माण के कार्य का निरीक्षण किया। राज्यपाल ने अधिकारियों को भवन के निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर मौजूद ठेकेदार को कहा कि निर्माण कार्य में अच्छे ब्राण्ड की सीमेंट का ही उपयोग करें और खिड़की दरवाजे भी गुणवत्तापूर्ण हों।

*महिलाओं को बताया कि बजट बनाये और क्षेत्र की पहचान कर बचत करें*

# वित्तीय समझदारी समृद्ध नारी पर वित्तीय साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भारतीय रिर्जब बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2025 के अंतर्गत महिला थीम ''वित्तीय समझदारी समृद्ध नारी'' पर विशेष रूप से वर्किंग वुमन एंटरप्रेन्योर्स एण्ड हाउस वाइफ वर्ग की महिलाओं हेतु वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन जिला आर सेटटी के प्रांगण में आरबीआई तथा लीड बैंक कार्यालय कटनी के संयोजन से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में नौकरी पैशा वर्ग की महिलायें, स्व सहायता महिला समूह की व्यवसायी वर्ग की महिलायें, आरसेटी मे ट्रेनी छात्राये तथा ग्रहणी वर्ग की महिलाये उपस्थित हुई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीराम नागर द्वारा बताया गया कि आज के तेजी से बदलते परिवेश में वित्तीय मामलों को समझना और उनका प्रबंधन करना अब कोई विलासिता नहीं, बल्कि एक आवश्यकता है। यह शिविर महिलाओं को वह ज्ञान प्रदान करने के लिए विशेष रूप से आयोजित किया गया है जिनकी उन्हें अपने वित्तीय भलाई पर नियंत्रण रखने और अपने और अपने परिवार के लिए एक सुरक्षित भविष्य बनाने के लिए आवश्यकता है।

### घरेलू बजट की जानकारी

कैम्प मे महिलाओं को जानकारी दी गई की वह अपने घरेलू खर्चों के हिसाब से एक निर्धारित बजट बनाये, आय और व्यय को ट्रैक करें, और उन क्षेत्रों की पहचान करें जहाँ आप बचत कर सकते हैं, जरूरतों को चाहतों से ऊपर प्राथमिकता दें और लागत कम करने के नये तरीकों के बारे में सोचें। समस्त उपस्थित महिलाओं को बैंक खाता रखने के लाभों को समझाया गया और यह भी जानकारी दी गई कि बचत खाते कैसे खोलें और संचालित करें, बचत खातें पैसे बचाने और लेनदेन करने करने के लिए एक सुरक्षित माध्यम है।

### छोटी-छोटी बचत

कैम्प मे महिलाओं को छोटी-छोटी बचत की शक्ति की जानकारी एवं महत्वता को समझाया गया उन्हें बताया गया कि, नियमित रूप से बचाई गई छोटी राशि भी समय के साथ एक महत्वपूर्ण राशि में बदल सकती है। उन्हे बैंकों के माध्यम से चलाई जाने वाली विभिन्न माइक्रो-बचत योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।

अच्छे क्रेडिट स्कोर के महत्व को समझना और इसे कैसे बनाए रखना है। ऋण और अन्य वित्तीय उत्पादों को सुरक्षित करने के लिए एक अच्छा क्रेडिट स्कोर आवश्यक है।ऋण के विभिन्न स्त्रोतों के बारे में सीखना और शिकारी उधार प्रथाओं से बचने के लिए विनियमित संस्थाओं से उधार लेने के महत्व को समझना। जिम्मेदार उधार ऋण की शर्तों और नियमों को समझना, केवल उतना ही उधार लेना जितना आप चुका सकते हैं, और ऋण जाल से बचने के लिए समय पर भुगतान करना।

## गाजे बाजे के साथ निकाली गई सांई पालकी यात्रा



गुरूवार को नगर के मुख्य रेलवे स्टेशन रोड स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से गाजे बाजे के साथ साईं पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पहडुआ मंडी रोड स्थित साईं मंदिर पहुंची जहां समापन किया गया। साई भक्तों ने बताया कि गुरूवार दोपहर 2 बजे साईं पालकी यात्रा स्टेशन रोड स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर सुभाष चौक, झंडा बाजार, शेर चौक, आजाद चौक, जगन्नाथ चौक से होते हुए पहरूआ मंडी रोड स्थित साईं मंदिर पहुंची। पालकी यात्रा में जीवंत झाकियां, ढोल नगाड़े, संगीतमय भजन के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही। चार दिवसीय कार्यक्रम में विविध आयोजन किए जाएंगे। आज 28 फरवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। वहीं 1 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। श्रद्धालुओं ने अधिक से अधिक पहुंच कर प्रसाद ग्रहण करनें अपील की गई है।

# ससुर की हत्या करने वाले दामाद को आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

हत्या के एक मामले में न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। प्रकरण में पैरवी लोक अभियोजक रजनीश सोनी ने की।

मीडिया सेल प्रभारी सुरेंद्र कुमार गर्ग ने बताया कि मृतक रूपलाल पंथी और उसकी पत्नी कला बाई संदीप यादव के मकान में किराये से रह रहे थे। उनकी बेटी रानी 10 साल पहले आरोपी के साथ भाग गई थी। यह पहले से ही शादीशुदा था और उसके 6 बच्चे है। वह आरोपी के साथ पुणे में थी उसकी दूसरी पत्नी के रूप में रहती थी।

पहली पत्नी सतना में अपने 6 बच्चों के साथ रहती थी। कुछ समय बाद आरोपी के रिश्ते दूसरी पत्नी रानी वर्मा के साथ तनावपूर्ण हो गए थे। आरोपी अक्सर शराब के नशे में उससे झगड़ा व मारपीट करता था और उसके चरित्र पर संदेह करता था। 17 मई 2023 को वह आरोपी को बिना बताये पुणे छोड़कर अपने पिता रूपलाल पंथी के घर आ गई। यहां कुछ दिन रुकी तथा आरोपी से विवाद के कारण उसके पिता ने डांटे जाने पर कहीं और बिना बताये घर से चली गई। 4 जून 2023 को आरोपी अपनी पत्नी रानी की तलाश में अपने ससुर के घर आया और वहीं रात्रि विश्राम किया। अगले दिन 10 बजे कलाबाई आरोपी और पति रूपलाल को घर पर छोड़कर काम पर चली गई। करीब शाम 7.30 बजे घर लौटी तो उसने देखा कि आरोपी परेशान हालत में था और वहां से जाने वाला था। कलाबाई ने उससे भोजन करके जाने को कहा तो आरोपी ने स्वीकार नहीं किया और आरोपी यह कहकर चला गया कि उसकी ट्रेन का समय हो गया है और मुझे जाना है। कुछ देर बाद वह घर के अंदर गई तो मृतक को खून से लथपथ फर्श पर पड़ा पाया। इसके बाद उसने पड़ोसियों को बुलाया। मामले में अपने अपने ससुर की हत्या करने वाले आरोपी दामाद रामप्रसाद दाहिया को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास व 1000 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

*रासेयो महिला इकाई का 7 दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर शुरू*

# स्वच्छता, नशा उन्मूलन एवं पर्यावरण, जल संरक्षण के लिए करेंगे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई का सात दिवसीय विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर ग्राम पिपरौध में 27 फरवरी से 5 मार्च तक संचालित हो रहा है शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में डॉ संचित जैन, शिवम परोहा, शशांक जैन और सत्येंद्र जायसवाल के आतिथ्य में कार्यक्रम अधिकारी डॉ माधुरी गर्ग के नेतृत्व में हुआ।

संचित जैन ने कहा कि एनएसएस समाज सेवा का सशक्त माध्यम है और एनएसएस के माध्यम से हम लोग समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं सत्येंद्र जायसवाल ने कहा कि एन एस एस व्यक्ति को स्वयं से तो जोड़ता ही है साथ ही समाज और राष्ट्र से जोड़ने की भी भूमिका अदा करता है हम सभी स्वयंसेवकों को सदैव जागरूक रहना चाहिए और समाज के लिए सतत संलग्न रहना चाहिए।

डॉक्टर माधुरी गर्ग ने सभी अतिथि जनों का आभार व्यक्त किया छात्राओं ने उठे समाज के लिए उठे समाज के लिए गीत के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य पिपरौध ग्राम के रह वासियों को शिक्षा स्वास्थ्य व्यक्तिगत स्वास्थ्य स्वच्छता नशा उन्मूलन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर्यावरण संरक्षण जल संरक्षण साक्षरता आदि विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जागरूक करना है।

इस कार्य हेतु गुरूवार सुबह डॉक्टर माधुरी गर्ग कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में 40 छात्राओं ने शिविर स्थल टेवाइट b.ed ट्रेनिंग कॉलेज के लिए प्रस्थान की इस अवसर पर डॉक्टर एमपी यादव डॉक्टर विनय बाजपेई प्रोफेसर मुस्तफा उर्मिला दुबे तथा एन एस एस के स्वयंसेवक श्रीराम, सोनल कुमारी, कनक सोनी आदि समस्त स्वयं सेवकों की उपस्थिति रही।

## गौ शालाओं में हावी है मनमानी, बजट नहीं मिलने का रो रहे दुखड़ा

# कहीं दर्ज संख्या से कम मिले मवेशी, तो कहीं आहार में कटौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



शासन द्वारा आवारा पशुओं गौ वंश को व्यवस्थित रखने के लिए गौ शालाओं का निर्माण करवाया गया है जिन्हें नियमानुसार सन्चालित करने के लिए महिला स्व सहायता समूहों को जिम्मेदारी सौंपी गई है किंतु समूह संचालकों के द्वारा मूक पशुओं के आहार में भी कटौती की जा रही है। अव्यवस्थित तरीके से गौ वंश को रखा जा रहा है

### इन गौशालाओं में अव्यवस्थाएँ हावी

बड़वारा तहसील मुख्यालय होने के बावजूद अधिकारियों के द्वारा गौशालों का निरीक्षण नही किये जाने से समूह संचालक बेजुवान पशुओं के निवाले में भी कटौती करने से बाज नही आ रहे हैं। बछरवारा में मां दुर्गा स्व सहायता समूह के द्वारा संचालित गौशाला में अव्यवस्था हावी नजर आई। यहां गौशाला में मौके पर 95 गौएं ही मिलीं समूह संचालकों के प्रतिनिधि तेजी लाल चौधरी गौशाला में मिले। समूह की अध्यक्ष गुड्डी बाई चौधरी, सचिव सरोज बाई चौधरी द्वारा गौशाला में व्यवस्थाएं नही सुधरवाई जा रही हैं बेजुवान पशुओं को मात्र भूसा खिलवाया जा रहा है। समूह प्रतिनिधि तेजी लाल चौधरी ने बताया कि शासन से समय पर राशि उपलब्ध नही होने के कारण दिक्कत हो रही है। व्यवस्थाएँ दुरुस्त करने का बेहतर प्रयास करेंगे।

बजरंग गौशाला पठरा में समूह संचालन करने वाले समूह की अध्यक्ष एवम सचिव के द्वारा गौशाला में मौजूद गौ वंश को अव्यवस्थित तरीके से रखा जा रहा है। मूक गौवंश के आहार में भी कटौती की जा रही है। भूसा और पैरा ही दिया जा रहा है जबकि नियमानुसार खली चुनी व कनकी तथा गुण भी गौ वंश को प्रदाय किये जाने का प्रावधान है किंतु यहां भि बेजुवान पशओं के खाना में सेंध लगाया जा रहा है।

गौ शाला में कार्यरत कार्यकर्ता सुख्खी लाल ने बताया कि गौशाला में रजिस्टर में 135 गाएं दर्ज हैं अभी 95 गौयें मौजूद हैं यह पूंछने पर की बाकी की गायें कहां गईं तो सुख्खी लाल का कहना था कि कहिं चली गई हैं शाम तक आ जाएंगी। खुले में पैरा भूसा खाती मिलीं गायें जबकि गायों को व्यवस्थित तरीके से खिलाया जाना चाहिए। जगह जगह गोबर फैला नजर आया जिसे मीडिया को देखकर व्यवस्थित करबाने का प्रयास किया गया।

बृन्दावन गौशाला केंद्र बजरवारा में लक्ष्मी स्व सहायता समूह के द्वारा गौशाला का संचालन किया जा रहा है। गौशाला में 90 गाएं मौजूद हैं जिनको नियम के तहत दलिया खली,नमक,चुनी चोकर मिलाकर खिलाया जा रहा है। समूह की अध्यक्ष कुसुम बाई, सचिव सरोज बाई, सदस्य उर्मिला बाई तथा सचिव प्रतिनिधि सिपाही लाल चौधरी ने बताया कि गौशाला में पशु ओं का खाद्यान व्यवस्थित तरीके से रखा जाता है। नियमित नियमानुसार गौशाला में पशुओं को आहार प्रदान किया जाता है जिसकी प्रतिदिन रिपोर्ट जनपद पंचायत बड़वारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को प्रेषित की जाती है। सचिव प्रतिनिधि सिपाही लाल ने बताया कि हमारे पास अभी वर्तमान समय मे चुनी,कना, कनकी,नमक आटा, दलिया,खली एवम गुड़ उपलब्ध है जिसे गौशाला में रहने वाले पशुओं को नियमित खिलाया जा रहा है। शासन से राशि प्राप्त होने में बिलम्ब होने से समस्या होती है किंतु व्यवस्थाएं बनाने का प्रयास किया जाता है।

# शासकीय जमीन पर किये गए अतिक्रमण पर चला बुल्डोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शासकीय भूमि पर किये गये अवैध कब्जे पर प्रशासन द्वारा जेसीबी चलावाकर कब्जामुक्त कराया गया। मामला विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कांटी का है। सरपंच द्वारा लगातार की जा रही शिकायतों के फल स्वरुप जिला प्रशासन ने कार्यवाही करते हुए जमीन को अतिक्रमणकारियों के चंगुल से मुक्त कराया। विजयराघवगढ़ जनपद के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कांटी में मौजूद शासकीय भूमि पर क्षेत्र के ही कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। पंचायत में मौजूद शासकीय जमीन पर कब्जा हो जाने के बाद ग्राम सरपंच श्रीमती मीना गोस्वामी और स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर और विजयराघवगढ़ एडीएम कार्यालय में लिखित शिकायत की गई थी। सरपंच एवं स्थानीय ग्रामीण जनों के द्वारा की जा रही शिकायतों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए गत दिवस विजयराघवगढ़ एसडीएम महेश मंडलोई, नायब तहसीलदार श्री खरे, श्री वर्मा सहित राजस्व अमले और बड़वारा थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी ने अपनी टीम के साथ ग्राम कांटी पहुंचकर वहां पर लगभग दो करोड रुपए कीमत की जमीन को कब्जा मुक्त कराया। प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही के कारण स्थानीय ग्रामीणों में हर्ष का माहौल व्याप्त है।

## एक भी दुकान की नहीं हुई नीलामी, 42% राशि बढने से ठेकेदारों ने नहीं लिये टेंडर

**पन्ना।** मध्य प्रदेश में नई आबकारी नीति के अनुसार सभी जिलों में शराब दुकानों की निष्पादन प्रक्रिया चल रही है। इसी तारतम्य में पन्ना जिले में भी नवीनीकरण और लॉटरी की प्रक्रिया की गई। नवीनीकरण में 15 मदिरा दुकान समूहों में से 9 समूहों (42.91:) में आवेदन प्राप्त हुए। शेष 6 समूहों में लॉटरी में मात्र केवल 3 समूहों में (27.18) आवेदन प्राप्त हुए। दोनों प्रक्रियाओं में कुल 70.9: राजस्व के आवेदन प्राप्त हुए । नई आबकारी नीति के अनुसार जिले के नवीनीकरण के लिए कुल वार्षिक मूल्य के 80: मूल्य के आवेदन की आवश्यकता थी, मगर 70.9: मूल्य के ही आवेदन प्राप्त होने से नवीनीकरण की प्रक्रिया सफल नहीं हो पाई। अब पन्ना जिले की 39 मदिरा दुकानों का निष्पादन लिए ऑनलाइन ई टेंडर कम ऑक्शन के माध्यम से होगा। गौरतलब है, कि पन्ना जिले में लगातार पिछले सात वर्षों से शराब दुकानों का नवीनीकरण हो रहा है। यानि सात साल बाद पन्ना जिले में पहली बार सभी दुकानों पर ई टेंडर होगा। इस वर्ष शासन द्वारा नवीनीकरण के लिए 20: प्रतिशत राशि बढ़ाकर वार्षिक मूल्य तय किया गया था, साथ ही पन्ना नगरीय क्षेत्र की बंद होने वाली चार शराब दुकानों का वार्षिक मूल्य जिले अन्य सभी दुकानों में जोड़ा गया था। जिससे दुकानों के मूल्य में लगभग 42: प्रतिशत मूल्य की वृद्धि हो गई। अब ई टेंडर में मदिरा समूहों में परिवर्तन भी किया जा सकता है।

## फसल चराने के विवाद को लेकर महिला के साथ मारपीट, मामला दर्ज

**अमानगंज।** यहां पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम मझगवां सरकार में आज दोपहर एक महिला और एक पुरुष के बीच कृषि कार्य को लेकर विवाद हो गया और पुरुष ने महिला के साथ मारपीट कर दी। घटना के विषय में ज्ञात हुआ है कि फरियादी महिला श्रीमती अनीता दहायत पति संतोष ने अमानगंज थाना पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि उसके खेत में मटर की फसल लगी हुई है, जिसकी रखवाली करने यह खेत में बैठी थी उसी समय आरोपी प्रमोद दहायत की आवारा गाय खेत में प्रवेश कर गई और खेत की फसल को अनधिकृत रूप से चरने लगी उसके मना करने पर आरोपी ने महिला के साथ मारपीट कर उसे चोटिल कर दिया।

### वैदिक मंत्रों के साथ हुआ भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती का विवाह

# धूमधाम से निकली भोलेनाथ की बारात जगह-जगह पुष्पवर्षा कर हुआ स्वागत





हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा



महाशिवरात्रि पर्व पर तेन्दूखेड़ा नगर में भगवान महादेव की भक्ति में डूबा हुआ नजर आया है सुबह से ही शिव मंदिरों में जल अर्पित करने के लिए कतारें लगी रहीं तो वहीं घरों में भी पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर रुद्राभिषेक किया गया दिनभर हर हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे वहीं नगर के थाना प्रांगण में स्थित पीपलेश्वर सिद्ध महादेव मंदिर में धूम धाम से डीजे गाजे बाजे के साथ भगवान भूतभावन भोलेनाथ की बारात निकाली गई जिसमें नगर सहित क्षेत्र की बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नगर में पहला इतिहास है कि भगवान भोले नाथ की इतनी भव्य बारात व शोभायात्रा निकाली गई है। जिसमें घोड़ों पर धर्म ध्वाजा लेकर चल रहे थे। साथ ही चांदी की पालकी में भगवान भोले नाथ की बारात चल रही थी। इसके अलावा बाहर से आए कलाकरो के द्वारा भोलेनाथ एवं पार्वती का रूप धारण कर भोलेनाथ के गीते पर नॉचते चल रहे थे। साथ ही बग्गियों पर भगवान भोले नाथ की सुंदर झाकियां सजाई गई थी। इसके अलावा बजरंग अखाड़ो के कलाकारो के द्वारा हेरत अंगेज करतब दिखाए जा रहे थे। साथ ही सडको पर सुंदर रंगोलियां सजाई गई थी। जगह जगह श्रद्धालूओ के द्वारा बरातियों पर फूलो की बरसात की गई थी इसके अलावा जगह जगह फटाखे फोड़कर बारात का स्वागत किया गया। लगभग एक किलोमीटर लम्बी बारात थी जिसमें हजारो की संख्या में बाराती मौजूद थे।

इसके पहले पीपलेश्वर मंदिर में प्रातः बेला से ही मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हो गई थी जिसके बाद पार्थिव शिवलिंग निर्माण हुआ और फिर नमकचमक से भगवान का रुद्राभिषेक किया गया।

मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित महेश प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि शिवरात्रि का यह आयोजन बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया और लोगों ने बड़ी संख्या में इस आयोजन में हिस्सा लिया। आचार्य पंडित गोपाल शास्त्री ने बताया कि सुबह पार्थिव शिवलिंग के बाद रुद्राभिषेक हुआ और संध्याकाल में भगवान की बारात बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ निकली जिसमें बाहर से आईं झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके पश्चात संध्या में महा आरती का आर्यक्रम हुआ। इसके बाद भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का विवाह वैदिक मंत्रों के साथ सम्पन्न हुआ और फिर प्रसाद वितरण (विशाल भंडारा ) हुआ और रात्रि में पूरी रात भगवान पीपलेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक किया गया इसके बाद गुरूवार को भी प्रातः हवन पूजन किया गया। इसके अलावा नगर के पंचवटी सिद्धधाम में सुबह से भगवान भोलेनाथ का रूदाभिषेक किया गया साथ ही लगभग साम 7 बजे पीपलेश्वर महादेव से आई बारात का पंचवटी मंदिर समिति के द्वारा स्वागत किया गया। भगवान भोलेनाथ की महाआरती की गई।

## सनातन धर्म के अनुसार शिव पार्वती का हुआ विवाह



**गैसाबाद।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर अखिल ब्रह्मांड की सबसे अनोखी जोड़ी ओगड़धानी देवाधिदेव भगवान शिव शंकर और पार्वती माता का शुभ विवाह, देव श्री रामकुमार मंदिर में विधि विधान पूर्वक संपन्न हुआ। पंडित श्री पुरुषोत्तम उपाध्याय द्वारा हरीरे मंडप के नीचे सनातनी रीति रिवाज अनुसार भोले बाबा और पार्वती माता का शुभ विवाह पढ़ा गया। इससे पूर्व श्रीराम कुमार मंदिर से महादेव की बारात बाजे गाजे एवं डीजे के साथ नगर भ्रमण के लिए निकली हर हर महादेव की धुन पर बारातियों ने खूब डांस किया। बस स्टैंड से होते हुए बारात श्री हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंची जहां पर मंदिर के पुजारी सत्यनारायण सोनकिया डॉक्टर भानु पटेल एवं कमेटी के सदस्यों द्वारा बारात का स्वागत किया गया। बारात नगर भ्रमण करते हुए पुनः श्रीराम कुमार मंदिर पहुंची जहां पर मंदिर के पुजारी श्री गणेश प्रसाद पांडे द्वारा बारात का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। महाशिवरात्रि के पर्व पर श्री हनुमानगढी मंदिर मे अखंड राम धुन एवं भोलेनाथ का जल अभिषेक भी किया गया।

# नवोदय में बाल संसद का हुआ आयोजन




## हटा विधायक और जनप्रतिनिधियों की रही मौजूदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

पी एम श्री नवोदय विद्यालय हटा में बाल संसद का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि हटा विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक और विशिष्ट अतिथि इतिहास के विभागाध्यक्ष सेवनिवृत्त डॉ. सी.एम. शुक्ला छत्रसाल यूनिवर्सिटी छतरपुर ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलन कर और मां सरस्वती जी के पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य अशोक कुमार त्रिपाठी ने स्वागत उद्बोधन दिया। बाल संसद प्रभारी श्री मोहित ने बताया कि बाल संसद में विद्यालय के कक्षा 7 वी से 9 वी तक के 50 छात्रों ने भाग लिया, लोकतंत्र में संसदीय कार्यप्रणाली से अवगत कराने आयोजन किया गया है जिसमे सभी प्रतिभागियों ने अलग अलग दायित्व निभाए।

संसद सदन की तरह अध्यक्ष, महासचिव, सचिव, सत्ता पक्ष, विपक्ष, मीडिया की दीर्घा बनाई गई और संसद की तरह की कार्यवाही शुरू की गई, जिसमे सामूहिक रूप में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यवाही के दौरान विपक्ष के द्वारा रेल हादसों, बेरोजगारी और प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ में हुई मौतों पर सरकार से प्रश्न किये गए जिस पर सत्तापक्ष के मंत्रीगणों द्वारा अध्यक्ष के समक्ष जबाब प्रस्तुत किये गए। इस तरह कई विषयो पर बाल संसद ने चर्चा की गई।

बाल संसद आयोजन के विषय मे स्कूल प्राचार्य श्री त्रिपाठी ने कहा कि देश के संवैधानिक मूल्यों, कानूनों, संवाद और मुद्दों से छात्र रूबरू होकर संसद की कार्यवाही से अवगत हो, इसके लिए यह बाल संसद का आयोजन किया गया, क्योकि कल यही छात्र देश का भविष्य संवारेंगे और देश की दशा और दिशा तय करेंगे।

# 11 अधिवक्ता बने नि-क्षय मित्र

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया गत दिवस ए.डी.आर. भवन जिला न्यायालय परिसर में आयोजित संक्षिप्त गरिमामयी कार्यक्रम में प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनंद कुमार तिवारी की प्रेरणा एवं उनकी गरिमामयी उपस्थिति में जिला अधिवक्ता संघ के 11 अधिवक्ताओं ने टी.बी. मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नि-क्षय मित्र बनकर टी.बी. के खिलाफ लड़ाई में भागीदार बने। इस दौरान जिला क्षय अधिकारी डॉ. गौरव जैन, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विक्रांत चैहान, डॉ. मनीष संगतानी, टी.बी. जिला समन्वयक दीपक राजपूत मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ. जैन ने बताया कि नि-क्षय मित्र टी.वी. मरीजों को पौष्टिक आहार देकर उनके स्वस्थ्य होने में मदद करते है। नि-क्षय मित्र के रूप में जिन क्षय रोगियों को गोद लिया जाता है, उन्हे अनिवार्य रूप से छः माह तक पोषण सहायता किट प्रतिमाह नि-क्षय मित्र की ओर से प्रदान किया जाता है। पोषण किट में चावल 3 किलो, दाल 2 किलो, दूध पाउण्डर 1 किलो, सोयाबीन तेल 1 लीटर दिया जाता है।

### इन 11 अधिवक्ताओं ने टी.बी. मरीजों को लिया गोद

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कमलेश भारद्वाज, चन्द्रमोहन गुरू, अनिल धगट, भगवती प्रसाद श्रीवास्तव, अनजय दुबे, सुरेश खत्री, दीपक श्रीवास्तव, अरूण जैन, कौशलेन्द्र पाण्डेय, अंकुर त्रिपाठी, संजय चौबे इन सभी ने टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत टी.बी. मरीजों को पोषण किट का वितरण किया।

## श्रीमद् भागवत कथाः भगवान के चरणों में ही सदा सुखः पं. ऋषिकांत


**बनवार।** सिद्ध संकट मोचन मंदिर खमरिया तिराहे पर स्थित श्री रामलालला दरबार में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत पुराण कथा में पांचवे दिन श्रीकृष्ण बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। कथावाचक बालव्यास पं.ऋषिकांत गर्ग जी महाराज ने कहा कि सदा सुख केवल भगवान के चरणों में है। भगवान के सम्मुख और उनके शरणागत होने को ही भागवत कथा है। भागवत कथा से कल्याणकारी और कोई भी साधन नहीं है इसलिए व्यस्त जीवन से समय निकालकर कथा को आवश्यक महत्व देना चाहिए। भागवत कथा से बडा कोई सत्य नहीं है। भागवत कथा अमृत है इसके श्रवण करने से मनुष्य अमर हो जाता है। यह एक ऐसी औषधि है जिससे जन्म-मरण का रोग मिट जाता है। भागवत कथा को पांचवां वेद कहा गया है जिसे पढ सकते हैं और सुन सकते हैं। कृष्ण हिन्दू धर्म में विष्णु के अवतार हैं। सनातन धर्म के अनुसार भगवान विष्णु सर्वपापहारी पवित्र और समस्त मनुष्यों को भोग तथा मोक्ष प्रदान करने वाले प्रमुख देवता हैं। जब-जब इस पृथ्वी पर असुर एवं राक्षसों के पापों का आतंक व्याप्त होता है तब-तब भगवान विष्णु किसी किसी रूप में अवतरित होकर पृथ्वी के भार को कम करते हैं। वैसे तो भगवान विष्णु ने अभी तक तेईस अवतारों को धारण किया। इन अवतारों में उनके सबसे महत्वपूर्ण अवतार श्रीराम और श्रीकृष्ण के ही माने जाते हैं। श्री कृष्ण का जन्म क्षत्रिय कुल में राजा यदु कुल के वंश में हुआ था। भागवत में कृष्ण के जीवन गाथा का विस्तार पूर्वक विवरण कर संगतों को कृष्ण के जीवन लीला के बारे में बताया गया।

## कृष्ण-सुदामा की मित्रता संसार में सर्वश्रेष्ठ

**बनवार।** कृष्ण-सुदामा की मित्रता संसार के लिए एक आदर्श प्रेरणा प्रसंग है। कृष्ण-सुदामा की मित्रता संसार के लिए एक आदर्श प्रेरणा प्रसंग है। श्रीकृष्ण ने सुदामा को बिन मांगे दो मुट्ठी चावल के बदले दो लोकों का सुख प्रदान कर दिया था। मित्रता हो तो कृष्ण-सुदामा जैसी। उनकी मित्रता संसार में सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। यह बात बनवार आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के अंतिम दिवस भागवताचार्य पंडित श्री उमाशंकर शास्त्री जी ने कही।। उन्होंने कहा कि मित्रता बचपन, जवानी और बुढ़ापे तक नहीं भूलें, ऐसी होनी चाहिए। समर्पण प्रेम बिना सच्ची मित्रता सार्थक सिद्ध नहीं होती है। जब सुदामा ने कहा कि कृष्ण तुम मिले नहीं, तब श्रीकृष्ण ने कहा मैं तो मित्र सुदामा तेरे हृदय में रहता हूं। तुमने कभी हृदय में मुझे देखा ही नहीं। सच्ची मित्रता ऐसी होती है। जब द्वारपाल ने द्वारकाधीश भगवान श्री कृष्णा से कहा आपके दर पे सुदामा गरीब आए है', सुनकर भाव विह्वल हो गए। भगवान श्री कृष्ण ने अपने मित्र सुदामा को सीने से लगाकर अपनी महल ले गए आंखों से अश्रुधारा बहने लगी मित्र का अभिनंदन किया इस दृश्य को देखकर श्रोता भाव विभोर हो गए भगवान श्री कृष्ण सुदामा मित्रता की झांकी पर पुष्प वर्षा की कथा व्यास जी ने कहा मित्र व सखा के रुप में श्री कृष्ण जिस चरित्र के साथ जुड़े उसके सौभाग्य के द्वार खुलने के साथ-साथ उद्धार भी हो गया । मित्र के रुप में कृष्ण का चरित्र यह संदेश देता है कि मित्रता ऐसी कीजिए कि मित्र के गुणों, चरित्र, यश और ज्ञान में उत्तरोत्तर वृद्धि हो। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति के बीच कथा विश्राम आरती पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

## शिवम अहिरवार एनएसएस राज्य स्तरीय कैंप अमरकंटक में करेंगे सहभागिता

**तेंदूखेड़ा।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सक्रिय स्वयंसेवक एवं अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय, तेंदूखेड़ा के छात्र शिवम अहिरवार (पिता स्व. गोपाल अहिरवार) महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर की ओर से राज्य स्तरीय शिविर अमरकंटक में सहभागिता करेंगे। यह कैंप 2 मार्च से 8 मार्च 2025 तक आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में विभिन्न सामाजिक गतिविधियों, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, स्वच्छता अभियान और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन होगा। यह कैंप युवाओं को समाज सेवा के प्रति जागरूक करने और उनके समग्र विकास में सहायक होगा। शिवम अहिरवार की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं साथियों ने उन्हें शुभकामनाएँ दी हैं। उनका यह चयन राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत उनकी सक्रिय भागीदारी और समाज सेवा में उनकी रुचि को दर्शाता है।



# शिविर में महिलाओं को दी गई वित्तीय साक्षरता की जानकारी

**बनवार।** रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित वित्तीय समझदारी, समृद्ध नारी शिविर में स्व सहायता समूह की 50 महिलाओं को वित्तीय साक्षरता संबंधी जानकारी दी गई। इस शिविर में एसबीआई शाखा प्रबंधक मिथिलेश चौधरी ने महिलाओं को वित्तीय अनुशासन का पालन करने, बचत करने, निवेश करने, और हर महीने का बजट बनाने की सलाह दी। जिला अग्रणी बैंक अधिकारी नरेंद्र सोनी ने महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण की जानकारी दी और बताया कि कैसे सही बैंकिंग सुविधाओं का उपयोग करके महिलाएं अपने स्वरोजगार और लघु उद्योग को बढ़ावा दे सकती हैं। विकासखण्ड सहायक प्रबंधक धर्मेंद्र मिश्रा ने महिलाओं को फिक्स डिपाजिट, ऋण योजनाओं, और वित्तीय सहायता योजनाओं की जानकारी दी। यह शिविर वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत आयोजित किया गया था, जो 24 फरवरी से 28 फरवरी के बीच मनाया जा रहा है। इस सप्ताह का उद्देश्य लोगों को वित्तीय जानकारी प्रदान करना और उन्हें वित्तीय रूप से स्मार्ट बनाना है।



# पूर्व अधीक्षक ने कार्यालय में डाला ताला, नहीं दे रहा छात्रावास का प्रभार

## जिला संयोजक व एसडीएम से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



नगर में संचालित अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन छात्रावास के पूर्व प्रभारी द्वारा छात्रावास का वित्तीय प्रभार नहीं दिए जाने एवं उनके द्वारा कार्यालय में ताला डालने से छात्रावास में निवासरत छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिससे प्रभारी अधीक्षक द्वारा जिला संयोजक एवं एसडीएम से लिखित शिकायत देकर प्रभार दिलाने एवं स्टॉक रुम का ताला खुलवाये जाने की कार्यवाही की मांग की गई।

दरअसल नगर में संचालित अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन छात्रावास हटा का संचालन पूर्व में शिक्षक सरजू प्रसाद अहिरवार द्वारा अतिरिक्त प्रभार के रूप में किया जा रहा था लेकिन इनके द्वारा छात्रावास में निवासरत छात्रों को व्यवस्थाओं से संबंधित परेशान किये जाने पर छात्रों ने कलेक्टर हेल्पलाइन पर शिकायत की गई थी जिससे तहसीलदार द्वारा जांच उपरांत इनको छात्रावास अधीक्षक पद से विगत एक माह पूर्व मुक्त किया गया था जिसका प्रभार शिक्षक मुरारी लाल अहिरवार को दिए जाने का आदेश जिला संयोजक द्वारा जारी किया गया था लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी सरजू अहिरवार द्वारा अपनी मनमानी एवं अड़ियल रवैए के चलते वित्तीय प्रभार नहीं दिया गया एवं उनके द्वारा छात्रावास कार्यालय में ताला डाल दिया गया जिससे कार्यालय के स्टॉक रूम में छात्रों की पुस्तकें एवं अन्य सामग्री रखी होने से छात्रों को अध्यापन कार्य में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिससे प्रभारी छात्रावास अधीक्षक मुरारीलाल अहिरवार द्वारा जिला संयोजक एवं एसडीएम से लिखित शिकायत कर तत्कालीन प्रभारी अधीक्षक सरजू अहिरवार से वित्तीय प्रभार दिलाने एवं स्टॉक रूम का ताला खुलवाये जाने का आग्रह किया गया जिससे छात्रावास में निवासरत छात्रों को अध्ययन हेतु पुस्तकें एवं अन्य सामग्री प्रदाय की जा सके।

दिए गए शिकायत पत्र में गौर करने वाली बात है कि तत्कालीन प्रभारी छात्रावास अधीक्षक द्वारा की गई अनियमिताओं की जांच उपरांत दोषी पाए जाने पर कलेक्टर के निर्देशन में सरजू अहिरवार को छात्रावास अधीक्षक के पद से हटाया गया था लेकिन उनके द्वारा छात्रावास का प्रभार न दिया जाना और अपने अड़ियल रवैया के चलते छात्रावास के कार्यालय स्टॉक रूम में ताला डाल देना मनमानी को प्रदर्शित करता है एवं जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना किया जाना गौर करने वाली बात है कि एक तृतीय कर्मचारी तहसील से लेकर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों को ठेंगा दिखा रहा है इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है।

## किसानों को जैविक व प्राकृतिक खेती की ओर प्रेरित किया



**तेंदूखेड़ा।** ब्लॉक में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि अधिकारी प्रिया तिवारी ने अनेक ग्रामो का निरीक्षण किया। तेंदूखेड़ा ब्लॉक के ग्राम इमलीडोल, नारगुवां और बादीपुरा पंचायत में यूएनडीपी के द्वारा टेरी की सहायता से जीवीएस जैविक पद्धति से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य किसानों को रासायनिक खाद के दुष्प्रभावों से बचाकर जैविक और प्राकृतिक खेती की ओर प्रेरित करना है। इस परियोजना के तहत कृषि विस्तार अधिकारी प्रिया तिवारी ने इन गांवों का निरीक्षण किया। उन्होंने परंपरागत रासायनिक खाद युक्त खेती और प्राकृतिक खेती के बीच के अंतर का अध्ययन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि प्राकृतिक खेती से तैयार फसलों की बाली की लंबाई, मोटाई और पौधों की वृद्धि में सकारात्मक अंतर नजर आ रहा है। प्राकृतिक खेती के लाभ, पौधों की लंबाई और मजबूती अधिक, बाली की लंबाई और मोटाई में सुधार, मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि, पर्यावरणीय संतुलन बना रहने की संभावना है। निरीक्षण के दौरान स्थानीय किसानों को प्राकृतिक खेती के फायदों के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें इस पद्धति को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस पहल से तेंदूखेड़ा क्षेत्र के किसान स्वस्थ और लाभदायक खेती की ओर अग्रसर होंगे।

## ई-ऑफिस के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभाग प्रमुख अपने कार्यालय में नोडल ऑफिसर का चयन कर लेंः कलेक्टर

**दमोह।** मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन का भोपाल के पत्र द्वारा तृतीय चरण में 31 मार्च 2025 तक प्रदेश के समस्त जिलों/संभागो में पूर्णतः ई-ऑफिस कार्यप्रणाली लागू की जायेगी। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि जिला स्तर पर ई-ऑफिस के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभाग प्रमुख अपने कार्यालय में एक नोडल ऑफिसर का चयन कर लें, जिसका कार्य विभाग के कार्यालयों की ई.एम.डी एक्सल सीट एवं सभी अधिकारियों/कर्मचारियों का डाटा संग्रह समय सीमा में सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा अपने कार्यालय में एक नोडल ऑफिसर का चयन कर, उसे जिला एनआईसी केंद्र दमोह में ई-ऑफिस कार्यप्रणाली से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु 28 फरवरी 2025 से 6 मार्च 2025 तक विभागवार निर्धारित रोस्टर के अनुसार भेजना सुनिश्चित किया जाये।

### नोडल ऑफिसर का प्रशिक्षण 28 फरवरी से 6 मार्च तक

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा ई-ऑफिस कार्यप्रणाली से संबंधित नोडल ऑफिसर के प्रशिक्षण अंतर्गत 28 फरवरी को प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक कार्यालय जिला अभियोजन अधिकारी, कोषालय, वाणिज्यिक कर अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी तथा अपरान्ह 03 बजे से शाम 05 बजे तक वन मंडल कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एवं जिला खनिज अधिकारी के नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसी प्रकार 3 मार्च को प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक कार्यालय म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि., किसान कल्याण तथा कृषि विकास, सहायक आयुक्त प्रशासन/आडिट सहकारिता एवं श्रम पदाधिकारी तथा अपरान्ह 03 बजे से शाम 05 बजे तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्रा. पी.आई.यू. 01 दमोह, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दमोह, जिला शिक्षा केंद्र सर्व शिक्षा अभियान, जिला शिक्षा अधिकारी के नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

